MAKE IN INDIA

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स
BHARAT ELECTRONICS
QUALITY. TECHNOLOGY. INNOVATION.

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड

## (रक्षा मंत्रालय के तहत भारत सरकार का एक उद्यम)

विज्ञापन संख्याः 12949/जीएडी/ईएटी और आईटीआई/2025/01 दिनांक: 09.10.2025

एक नवरत्न कंपनी और भारत की प्रमुख व्यावसायिक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को अपनी गाजियाबाद यूनिट के लिए स्थायी रूप से निम्नलिखित कार्मिकों की आवश्यकता है -

1. पद :

| क्रम सं. (1) | पद (2) | आवश्यक योग्यता (3) | श्रेणी/ट्रेड (4) | पदों की संख्या (5) | पदों की संख्या आरक्षण के साथ (6) | ग्रेड/करियर पथ/वेतनमान (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अभियांत्रिकी सहायक प्रशिक्षु (ईएटी)# | 3 वर्षीय डिप्लोमा-किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से इंजीनियरिंग में | इलेक्ट्रॉनिक्स | 12 | सामान्य-6<br>अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) -2<br>अनुसूचित जाति -2<br>आर्थिक पिछड़े अभ्यर्थी -2 | ग्रेड : वेजग्रुप-VII/ सीपी- VI<br>वेतनमान : रु. 24,500-3%-रु. 90,000/-+ स्वीकार्य भत्ते |
| | | | कम्प्युटर साइन्स | 2 | सामान्य -1<br>अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर)-1 | |
| | | | इलैक्ट्रिकल | 1 | सामान्य -1 | |
| | | | मैकेनिकल | 7 | सामान्य -2<br>अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर)-2<br>अनुसूचित जाति -2<br>आर्थिक पिछड़े अभ्यर्थी -1 | |
| 2 | तकनीशियन 'सी' | एसएसएलसी + आईटीआई + एक वर्ष की अप्रेंटिसशिप. संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रमाण-पत्र | इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक | 15 | सामान्य -6<br>अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर)-4<br>अनुसूचित जाति -2<br>आर्थिक पिछड़े अभ्यर्थी -3 | ग्रेड : वेजग्रुप -IV/सीपी-V<br>वेतनमान-रु. 21,500-3%-रु. 82,000/- + स्वीकार्य भत्ते |
| | | | इलेक्ट्रीशियन | 1 | सामान्य -1 | |
| | | | फिटर | 11 | सामान्य -2<br>अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर)--3<br>अनुसूचित जाति -3<br>आर्थिक पिछड़े अभ्यर्थी -2<br>अनुसूचित जनजाति-1 | |

#अभियांत्रिकी सहायक प्रशिक्षुओं (ईएटी) को छह महीने की प्रारंभिक अवधि के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसके दौरान उन्हें रु.24,000/- प्रतिमाह की वृतिका दी जाएगी। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने और ग्रेडेशन परीक्षा उत्तीर्ण करने पर उन्हें ऊपर दर्शाए गए नियमित वेतनमान में रखा जाएगा।

नोट- शारीरिक रूप से विकलांग अभ्यर्थियों के लिए सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार आरक्षण होगा।

2. पात्रता मानदंड:

2.1 राष्ट्रीयता- अभ्यर्थी भारत का नागरिक होना चाहिए।

2.2 अभ्यर्थियों की आयु न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए।

2.3 क) अधिकतम आयु सीमा (01.10.2025) को निम्न होगी:

| क्र. सं. | पद | अधिकतम आयु सीमा (01.10.2025 को) |
|---|---|---|
| 1 | अभियांत्रिकी सहायक प्रशिक्षु (ईएटी) | 28 वर्ष |
| 2 | तकनीशियन 'सी' | 28 वर्ष |

निर्दिष्ट ऊपरी आयु सीमा सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों पर लागू होती है।

ख) ऊपरी आयु सीमा में छूट निम्न होगी -

| क्र. सं. | वर्ग | आयु में छूट |
|---|---|---|
| 1 | अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर- क्रीमी लेयर) | 3 वर्ष |
| 2 | अनुसूचित जाति | 5 वर्ष |
| 3 | शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति (पीडबल्यूबीडी) न्यूनतम 40% अक्षमता के साथ | 10 वर्ष |

ग) माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक उत्तीर्ण करने के लिए जारी प्रमाण-पत्र जिसमें आयु के समर्थन में जन्म तिथि का उल्लेख किया गया हो एकमात्र स्वीकार्य दस्तावेज होगा। माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रमाण-पत्र में जन्म तिथि उपलब्ध न होने की स्थिति में सक्षम अधिकारियों द्वारा जारी जन्म प्रमाण-पत्र पर विचार किया जाएगा।

घ) आयु में छूट के इच्छुक उम्मीदवारों को आवेदन के साथ आवश्यक प्रमाण-पत्र की प्रति संलग्न करनी होगी और सत्यापन की प्रक्रिया के किसी भी आगामी चरण में मूल रूप से प्रस्तुत करनी होगी।

ङ) आर्थिक रूप से पिछड़े /जाति /विकलांगता का प्रमाण-पत्र आवश्यक रूप से बीईएल की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रारूप में ही होने चाहिए अन्यथा, उम्मीदवारों को 'सामान्य श्रेणी' के तहत माना जाएगा बशर्ते कि वे सामान्य उम्मीदवारों के लिए निर्धारित अन्य सभी मानदंडों को पूरा करते हों।

च) विकलांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) की श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए जिनके विकलांगता 40% की न्यूनतम श्रेणी से ऊपर है, उन्हें अनुसूचित जाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग(ओबीसी) पर लागू छूट के अतिरिक्त 10 (दस) वर्षों की छूट भी मिलेगी।

छ) आयु में छूट सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार भूतपूर्व सैनिकों पर लागू होगी।

ज) एक बार ऑनलाइन आवेदन में घोषित श्रेणी (सामान्य/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर)/ आर्थिक पिछड़े अभ्यर्थी/ शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति /भूत पूर्व सैनिक) में परिवर्तन का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### 3.0 शैक्षणिक योग्यता:

3.1 क्रमसं.1.0-पदों के कॉलम (3) में उल्लिखित सभी शैक्षणिक योग्यताएं किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान/महाविद्यालय से होनी चाहिए।

3.2 ईएटी पद के लिए, निम्नलिखित विषय में डिप्लोमा मान्य होंगे:

| विषय | श्रेणी |
|---|---|
| इलेक्ट्रॉनिक्स | इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग<br>इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग |
| मैकेनिकल | मैकेनिकल इंजीनियरिंग<br>मैकेनिकल इंजीनियरिंग(प्रॉडक्शन) |
| इलेक्ट्रिकल | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग<br>इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग |
| कम्प्युटर साइन्स | कम्प्युटर साइन्स एवं इंजीनियरिंग |

3.3. तकनीशियन 'सी' के लिए श्रेणी / ट्रेड: इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन और फिटर के लिए। उम्मीदवार किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित ट्रेड में एसएसएलसी + आईटीआई और संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रमाण-पत्र के साथ एक साल का अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण या संबंधित ट्रेड में एसएसएलसी + 3 साल का राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम पूरा किया हो।

3.4. ऊपर उल्लिखित संबंधित पदों के सापेक्ष विषय/विषय में डिप्लोमा/आईटीआई केवल पात्र अर्हता मानी जाएगी। निर्दिष्ट विषयों/विषय के अलावा अन्य में डिप्लोमा/आईटीआई पर विचार नहीं किया जाएगा।

3. 5. उपर्युक्त निर्धारित योग्यता पर ही विचार किया जाएगा। निर्धारित योग्यता के समतुल्य योग्यता प्राप्त करने का कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

3. 6 उम्मीदवारों को पाठ्यक्रम पूरा होने और अंकों के प्रतिशत के साक्ष्य के रूप में अनंतिम/अंतिम आईटीआई/अप्रेंटिस/डिप्लोमा प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।

3.7 यदि कोई विश्वविद्यालय/संस्थान या महाविद्यालय सीजीपीए/डीजीपीए/ओजीपीए या बाद के ग्रेड की मूल्यांकन प्रणाली का अनुसरण करता है, तो अभ्यर्थी के लिए डिग्री प्रमाण-पत्र के साथ विश्वविद्यालय/संस्थान/महाविद्यालय द्वारा जारी प्रतिशत (%) का प्रमाण प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

### 4.0 अंकों का न्यूनतम प्रतिशत:

| क्र. सं. | पद | अंकोंकान्यूनतमप्रतिशत |
|---|---|---|
| 01 | अभियांत्रिकी सहायक प्रशिक्षु (ईएटी) | सामान्य/ आर्थिक पिछड़ा वर्ग/ओबीसी–प्राप्तांक 60% ,<br>अनु. जाति/ विकलांग –प्राप्तांक 50% |
| 02 | तकनीशियन 'सी' | सामान्य/ आर्थिक पिछड़ा वर्ग/ ओबीसी- प्राप्तांक 60%,<br>अनु. जाति/ अनु. जनजाति/विकलांग – प्राप्तांक 50% |

**5.0 अनुभव:** कोई नहीं

**6.0 उत्तर प्रदेश रोजगार कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है:**

उत्तर प्रदेश रोजगार कार्यालय में पंजीकरण आवेदन की अंतिम तारीख (30.10.2025) को वैध और सक्रिय होना चाहिए। कालातीत/निष्क्रिय रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड पर विचार नहीं किया जाएगा।

ऐसे अभ्यर्थी जिनके नाम इस अधिसूचना के सापेक्ष उत्तरप्रदेश रोजगार कार्यालय द्वारा बीईएल को प्रायोजित किए गए हैं, को ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है, अन्यथा उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

**7. 0 चयन की विधि-**

क) वे उम्मीदवार जो पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं और जिनके ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए गए हैं, उन्हें **कंप्यूटर आधारित परीक्षा** के लिए अस्थायी रूप से शॉर्टलिस्ट किया जाएगा, **जो केवल दिल्ली/एनसीआर में आयोजित की जाएगी।**

ख) पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले और जिनके आवेदन स्वीकार किए गए हैं, ऐसे उम्मीदवारों को एसएमएस और ईमेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा। उन्हें बीईएल की वेबसाइट पर जाकर अपनी लॉगिन जानकारी दर्ज करनी होगी और **कंप्यूटर आधारित परीक्षा प्रवेश पत्र** डाउनलोड करना होगा।

ग) उम्मीदवारों को प्रवेशपत्र प्रिंट कराना होगा और उसमें दिए गए निर्देशों का पालन करना होगा। ध्यान दें कि प्रवेशपत्र ईमेल या डाक द्वारा नहीं भेजे जाएंगे।

घ) जिन उम्मीदवारों के आवेदन स्वीकार किए गए हैं, उन्हें बीईएल वेबसाइट पर अपलोड किए गए प्रवेशपत्र के माध्यम से संबंधित परीक्षा केंद्र पर **कंप्यूटर आधारित परीक्षा** देनी होगी।

ङ)उम्मीदवारों को 150 अंकों की निम्न विषयों पर **कंप्यूटर आधारित परीक्षा** के लिए उपस्थित होना होगा -

**खंड-I: सामान्य योग्यता-** 50 अंकों में सामान्य मानसिक क्षमता और तार्किक तर्क के लिए अभिवृत्ति, विश्लेषणात्मक, समझ क्षमता, मूल संख्यात्मकता, डेटा व्याख्या कौशल और सामान्य ज्ञान शामिल हैं।

**खंड -II: तकनीकी योग्यता-**100 अंकों में संबंधित विषय से 100 प्रश्नों के साथ तकनीकी/पेशेवर ज्ञान परीक्षा शामिल है।

न्यूनतम अर्हक अंक इस प्रकार होंगे –

| वर्ग | खंड I | खंड II |
|---|---|---|
| सामान्य /ओबीसी/ आर्थिक रूप से पिछड़ावर्ग | 35% | 35% |
| अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति /विकलांग | 30% | 30% |

च) जिन उम्मीदवारों की सूची अस्थायी रूप से चयनित की गई है, उन्हें कंप्यूटर आधारित परीक्षा के आधार पर चुना जाएगा। यह सूची बीईएल की वेबसाइट पर कुएरी मोड में उपलब्ध कराई जाएगी।

छ ) कंप्यूटर आधारित परीक्षा अस्थायी रूप से (tentatively) नवंबर 2025 के महीने में आयोजित की जाएगी।

ज) लिखित परीक्षा में न्यूनतम उत्तीर्ण अंक प्राप्त करना किसी भी उम्मीदवार को चयन के अधिकार का दावा नहीं देता। चयन रिक्तियों की संख्या, आरक्षण श्रेणियों, और निर्धारित पात्रता मानदंडों एवं अन्य मापदंडों के अनुसार प्रदर्शन पर निर्भर करेगा।

**झ) लिखित परीक्षा में समान अंक (टाई) होने की स्थिति में चयन का तरीका**

समान अंक आने की स्थिति में मेरिट सूची तय करने हेतु निम्नलिखित प्राथमिकताएँ अपनाई जाएँगी —

1. जिस उम्मीदवार के तकनीकी सेक्शन में अधिक अंक होंगे, उसे वरीयता दी जाएगी।
2. यदि टाई फिर भी बनी रहती है, तो जनरल अवेयरनेस सेक्शन में अधिक अंक पाने वाले को प्राथमिकता दी जाएगी।
3. यदि टाई फिर भी बनी रहती है, अर्हता में प्राप्त अंकों का प्रतिशत अधिक पाने वाले को प्राथमिकता दी जाएगी।
4. यदि स्थिति अब भी समान रहती है, तो जन्मतिथि के आधार पर वरिष्ठता को माना जाएगा अर्थात उम्र में बड़े उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी।

**8.0 वेतन एवं भत्ते:**

चयनित अभ्यर्थियों को क्रमसंख्या 1.0-पदों के कॉलम *7* में उल्लिखित वेतनमान में शामिल किया जाएगा। अभियांत्रिकी सहायक प्रशिक्षु (ईएटी) छह महीने की प्रारंभिक अवधि के लिए प्रशिक्षण से गुज़रेंगे, जिसके दौरान उन्हें 24,000/- रुपये का वृतिका प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण के सफल समापन पर और ग्रेडेशन टेस्ट पास करने पर उन्हें नियमित वेतनमान पर रखा जाएगा।

मूल वेतन के अलावा, अन्य भत्ते जैसे महंगाई भत्ता, वार्षिक मूल वेतन पर 30% की दर से अनुलाभ, चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति, समूह बीमा, पीएफ, पेंशन, ग्रेच्युटी आदि कंपनी के नियमों के अनुसार पारिश्रमिक पैकेज का हिस्सा होंगे।

**9.0 आवेदन शुल्क:**

i. सामान्य / ओबीसी / ईडब्ल्यूएस श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क के रूप में रुपये 500+ 18%जीएसटी = रु. . 590/-(कुल योग) का भुगतान करना होगा।

ii. अनुसूचितजाति / अनुसूचित जनजाति / विकलांग / भूतपूर्व कर्मियों को आवेदन शुल्क के भुगतान में छूट दी गई है।

iii. एक बार भुगतान कर देने के बाद आवेदन शुल्क कंपनी/बैंक द्वारा अभ्यर्थियों को वापस नहीं किया जाएगा।

iv. उम्मीदवार आवेदन शुल्क जमा करने से पहले सभी अनुदेशों और पात्रता मानदंडों को ध्यान से पढ़ें ।

v. आवेदन शुल्क ऑनलाइन माध्यम यानी "एसबीआई कलेक्ट" के माध्यम से जमा किया जाना आवश्यक है।

नोट : किसी भी त्रुटि के कारण आवेदन शुल्क प्राप्त न होना, जैसे आवेदकों के बैंक से राशि की कटौती न होना, बीईएल द्वारा विज्ञापित किसी अन्य पद के लिए भुगतान, किसी भी कारण से बीईएल द्वारा भुगतान प्राप्त न हो ना या कोई अन्य कारण जो सीधे तौर पर बीईएल के लिए जिम्मेदार न हो, उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

*भुगतान करने हेतु दिशा निर्देश:*

बीईएल वेबसाइट में उपलब्ध भुगतान लिंक पर क्लिक करें या

1) www.onlinesbi.com पर जाएं और:- "स्टेट बैंक कलेक्ट" का चयन करें।

2) नियम और शर्तों को "एक्सेप्ट' करें और 'प्रोसीड' पर क्लिक करें।

3) निगम/संस्था के स्टेट के लिए 'ऑलइंडिया' का चयन करें।

4) पीएसयू --पब्लिक सैक्टर अंडरटेकिंग –भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को चुनें और 'सबमिट' को दबाएँ।

5) भुगतान श्रेणी का चयन करें-(पद का नाम-बीईएल-गाज़ियाबाद के लिए तकनीकी 'सी' की भर्ती या बीईएल- गाज़ियाबाद के लिए इंजीनियरिंग सहायक प्रशिक्षु की भर्ती। ऊपर बताए गए अनुसार भुगतान पूरा करें।

6) भुगतान रसीद का प्रिंट/स्क्रीनशॉट लें और ऑनलाइन आवेदन पत्र में भुगतान की रसीद अपलोड करें।

7) स्क्रीनशॉट के साथ विस्तृत निर्देश बीईएल की वेबसाइट पर दिए गए हैं।

अभ्यर्थियों को भुगतान करने के बाद सृजित 'एसबीआई कलेक्ट रेफरेंस नंबर' का उल्लेख आवेदन पत्र में और भुगतान की रसीद का उल्लेख ऑनलाइन आवेदन पत्र में करना होगा ।अन्यथा आवेदन प्रक्रिया पूरी नहीं होगी और भुगतान की गई फीस की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी। बीईएल ऐसे किसी भी मामले के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

किसी भी अभ्यर्थी द्वारा एक ही पद के लिए एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत नहीं किया जाना चाहिए। एकाधिक आवेदनों के मामले में, केवल नवीनतम वैध (पूर्ण) आवेदन ही स्वीकार किया जाएगा और अन्य आवेदन के लिए भुगतान किया गया आवेदन शुल्क जब्त कर दिया जाएगा। हालाँकि, एक से अधिक पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार को प्रत्येक पद के लिए अलग भुगतान रसीद के साथ दो अलग आवेदन पत्र भरने होंगे।

**10.0 आवेदन कैसे करें:**

(क) जो अभ्यर्थी उपर्युक्त आवश्यकता को पूरा करते हैं वे बीईएल की वेबसाइट www.bel-india.in पर दिए गए ऑनलाइन लिंक का उपयोग करते हुए आवेदन पत्र भर सकते हैं। ऑनलाइन लिंक दिनांक 09.10.2025 (पूर्वाह्न) को आवेदन करने के लिए खुलेगा ।

(ख) पद के लिए आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं।

ग) उम्मीदवारों को अपने पास एक वैध और सक्रिय ई-मेल आईडी होना आवश्यक है, जिसका उल्लेख ऑनलाइन आवेदन पत्र में किया जाना है। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा और अन्य पत्राचार से संबंधित सूचना उम्मीदवार द्वारा दिए गए ई-मेल आईडी पर ई-मेल द्वारा भेजी जाएगी। किसी भी परिस्थिति में उम्मीदवार किसी अन्य व्यक्ति की ई-मेल आईडी साझा नहीं करेंगे।

घ) उम्मीदवारों को भेजे गए किसी भी ई-मेल के बाउंस होने के लिए बीईएल जिम्मेदार नहीं होगी। एक बार दर्ज करने के बाद ई-मेल आईडी या मोबाइल नंबर में परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

ङ.) कृपया भविष्य के संदर्भ के लिए आवेदन पत्र और भुगतान पावती पर्ची का प्रिंटआउट अपने पास रखें।

च.) कृपया **बीईएल के कार्यालय में आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी न भेजें क्योंकि मैनुअल/कागजी आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।**

छ) यदि अंतिम समय की हड़बड़ी के कारण अभ्यर्थी अपना आवेदन प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो इसके लिए बीईएल जिम्मेदार नहीं होगी।

11.0 सामान्य निर्देश:

1.कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में आयु, योग्यता, लिखित परीक्षा में अंकों का न्यूनतम प्रतिशत आदि में छूट उस विशेष श्रेणी में संबंधित वर्ग में रिक्ति के अधीन प्रदान की जाएगी जैसा कि ऊपर क्रम सं. 1 के पदों के तहत सूची बद्ध है।

2. केवल वही उम्मीदवार जो इस पद के लिए ऊपर उल्लिखित सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, इस पद के लिए आवेदन करेंगे। हालांकि, आवेदक की उम्मीदवारी अनंतिम होगी और उसके द्वारा प्रस्तुत प्रमाण-पत्रों/साक्ष्यों के सत्यापन पर निर्भर होगी।

3. सरकारी/अर्ध सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों में काम करने वाले अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के समय " **अनापत्ति प्रमाण पत्र** " प्रस्तुत करना आवश्यक है। यदि अभ्यर्थी ऐसा नहीं करते हैं, तो उसकी उम्मीदवारी को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।।

4. विज्ञापन में उल्लिखित योग्यता किसी मान्यता प्राप्त संस्थान / बोर्ड / परिषद / विश्वविद्यालय से होनी चाहिए। जहां भी सीजीपीए/ओजीपीए/डीजीपीए या अंतिम/दीक्षांत प्रमाणपत्र में लैटर ग्रेड प्रदान किया जाता है, विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाए अनुसार इसके समकक्ष प्रतिशत अंकों को आवेदन पत्र में अंकित किया जाए। सीजीपीए/ओजीपीए/डीजीपीए को प्रतिशत में बदलने के लिए संस्थान/बोर्ड/परिषद/विश्वविद्यालय द्वारा अपनाए गए मानदंडों का प्रमाण दस्तावेज सत्यापन के समय प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

5. अभ्यर्थियों को कम्प्यूटर आधारित परीक्षा के लिए उपस्थित होने के दौरान वैध फोटो पहचान प्रमाण जैसे आधार कार्ड/मतदाता पहचान-पत्र/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस आदि प्रस्तुत करना होगा।

6. आवेदकों का शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। स्वास्थ्य मानक में किसी प्रकार की छूट की अनुमति नहीं है। चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति हमारे कंपनी के चिकित्सा अधिकारियों द्वारा आयोजित नियोजन-पूर्व चिकित्सा जांच में उनके चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ पाए जाने के अधीन होगी।

7. कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए बुलाए गए सभी बाहरी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पीडब्ल्यूडी/भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों को न्यूनतम मार्ग द्वारा वास्तविक टिकट प्रस्तुत करने पर भारत में उनके पत्राचार पते/कार्यस्थल से आने-जाने के यात्रा भत्ते की प्रतिपूर्ति की जाएगी। अभ्यर्थी द्वारा यह भी ध्यान दिया जाए कि बैंक खाते का विवरण, आगे की यात्रा के लिए रेलवे/बस टिकट और लिखित परीक्षा के समय स्वयं प्रमाणित अनुसूचितजाति/अनुसूचितजनजाति/पीडब्ल्यूडी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाना चाहिए ताकि यात्रा भत्ता भुगतान करने के लिए संबंधित दस्तावेजों के सत्यापन के बाद भुगतान किया जा सके। यात्रा के लिए यात्रा भत्ता भुगतान का दावा करने वाले अनुसूचितजाति/अनुसूचितजनजाति/पीडब्ल्यूडी/भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों को मूलजाति/विकलांगता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। ईसीएस के माध्यम से बाद की तिथि में प्रतिपूर्ति की जाएगी।

8. स्थानीय यात्रा का खर्च, यदि कोई हो, उम्मीदवार द्वारा वहन किया जाएगा।

9. दस्तावेज सत्यापन के समय सक्षम प्राधिकारी *** द्वारा " केंद्रीय सरकारी पदों में नियुक्ति " के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में घोषणा के साथ ओबीसी गैर-क्रीमीलेयर (एनसीएल) उम्मीदवारों के लिए आरक्षण/छूट/रियायत के लिए ओबीसी प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करना होगा। आय प्रमाण-पत्र को ओबीसी प्रमाण-पत्र नहीं माना जाएगा। (निर्धारित प्रारूप वेबसाइट www.bel-india.in पर उपलब्ध हैं)।

10. सक्षम प्राधिकारी * द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए जारी ईडब्ल्यूएस प्रमाण-पत्र पर विचार किया जाएगा। (निर्धारित प्रारूप वेबसाइट www.bel-india.in पर उपलब्ध हैं।

11. सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार भूतपूर्व सैनिकों को आयु में छूट लागू होगी।

12. यदि किसी आवेदक ने अपने नियोक्ता या बीईएल के साथ अतीत में मुकदमेबाजी की है तो संक्षेप में ऑनलाइन आवेदन में उसका स्पष्ट उल्लेख किया जाना चाहिए।

13. अधूरे और निर्धारित शुल्क के बिना भेजे गए ऑनलाइन आवेदनों को बिना कोई कारण बताए सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जायेगा औरइस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

14. भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में चयन न होने पर किसी भी उम्मीदवार को अलग से कोई सूचना नहीं दी जाएगी।

15. मोबाइल फोन/पेजर्स/आईपैड/आईपॉड/टैबलेट/टैबलेट/कैलकुलेटर या इस तरह का कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा कक्ष के भीतर सख्त रूप से मना है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इसे परीक्षा कक्ष में न ले जाएं। परीक्षा कक्ष के भीतर किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के होने से अभ्यर्थी को अयोग्य ठहराया जा सकता है।

16. अभ्यर्थी की पात्रता ,पात्रता की जांच किए जाने वाले चरणों में, योग्यता और अन्य पात्रता मानदंड संबंधी सभी मामलों में बीईएल का निर्णय अभ्यर्थी पर अंतिम और बाध्यकारी होंगे।

17. चयन प्रक्रिया के सभी चरणों में उम्मीदवारी अनंतिम प्रकृति की होगी। न्यूनतम आवश्यकता को पूरा करने मात्र से अभ्यर्थियों को कम्प्यूटर आधारित परीक्षा के लिए बुलाया जाने का कोई अधिकार नहीं होगा।

18. चयन के समय वास्तविक आवश्यकता के आधार पर ऊपर दर्शाए गए किसी भी मानदंड, चयन की विधि और पदों की संख्या को बदलने (रद्द/संशोधित/जोड़ने) का अधिकार बीईएल को सुरक्षित है।

19. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में या कार्यग्रहण करने के बाद, यदि अभ्यर्थी द्वारा दी गई कोई सूचना विज्ञापन में उल्लिखित मानदंडों के अनुरूप नहीं पाई जाती है या बीईएल को इस आशय का कोई साक्ष्य/जानकारी प्राप्त होती है कि आवेदन/अन्य प्रपत्र/प्रारूप/घोषणा में उल्लिखित योग्यता, अनुभव और कोई अन्य विवरण मान्यता प्राप्त/असत्य/भ्रामक नहीं है और/या सूचना/विवरण को दबाने के समतुल्य है जिसे बीईएल के ध्यान में लाया जाना चाहिए था, तो अभ्यर्थी की उम्मीदवारी को रद्द किया जा सकता है।

20. किसी भी रूप में प्रचार (canvassing) करने से अयोग्य ठहराया जा सकता है। बीईएल किसी भी अभ्यर्थी को चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी कारण से अयोग्य घोषित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, यदि अभ्यर्थी पर्याप्त रूप से उपयुक्त नहीं है।

21. यदि अंग्रेजी के अलावा इस विज्ञापन के किसी भी संस्करण में खंडों की व्याख्या के कारण कोई विवाद होता है, तो बीईएल वेबसाइट पर उपलब्ध अंग्रेजी संस्करण सही मान्य होगा।

22. भर्ती प्रक्रिया सहित इस विज्ञापन से उत्पन्न होने वाले किसी भी परिणामी विवाद को उत्तर प्रदेश में स्थित न्यायालयों के एकमात्र अधिकार क्षेत्र के अधीन किया जाएगा।

23. इस प्रक्रिया से संबंधित आगे की सभी घोषणाएं/विवरण समय-समय पर बीईएल की वेबसाइट www.bel-india.in पर प्रकाशित/उपलब्ध कराए जाएंगे।

24. कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर, अनंतिम रूप से शॉर्टलिस्ट/चयनित अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा। उम्मीदवारों को मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे और निम्नलिखित दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी -

i. नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो।

ii. जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में एसएसएलसी/एसएससी/आईएससी अंक कार्ड और कोई अन्य वैध दस्तावेज।

iii. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ईडब्ल्यूएस से संबंधित उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में अपना प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

iv. ओबीसी श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी * द्वारा दिनांक 01.10.2024 को या उसके बाद जारी किए गए निर्धारित प्रारूप में सामुदायिक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा और सक्षम प्राधिकारी * द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए जारी ईडब्ल्यूएस प्रमाण-पत्र स्वीकार किया जाएगा। (निर्धारित प्रारूप वेबसाइट www.bel-india.in पर उपलब्ध हैं)

v. कम से कम 40 प्रतिशत की प्रासंगिक विकलांगता वाले अभ्यर्थी केवल पीडब्ल्यूडी के रूप में आरक्षण और छूट के पात्र होंगे।। विकलांगता प्रमाण-पत्र चिकित्सा बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी किया जाना चाहिए। (निर्धारित प्रारूप वेबसाइट www.bel-india.in पर उपलब्ध हैं)।

vi. अपने वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र (यदि वह सरकारी/अर्ध सरकारी/पीएसयू में कार्यरत हैं), यदि लागू हो।

vii. इन पदों के लिए आवेदन करने वाले भूतपूर्व सैनिकों को भारतीय सशस्त्र बलों (थल सेना/नौसेना/वायु सेना) से संबंधित अधिकारियों द्वारा जारी डिस्चार्ज बुक अपलोड करनी होगी।

viii. सीजीपीए को प्रतिशत में बदलने के लिए विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाए गए मानदंडों का प्रमाण,यदि लागू हो तो।

ix. अभियांत्रिकी में डिप्लोमा/आईटीआई/अप्रेंटिस में प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष/सेमेस्टर का अंक कार्ड। जैसे कि लागू है।

x. सक्षम प्राधिकारी / बोर्ड द्वारा जारी अभियांत्रिकी में डिप्लोमा/आईटीआई/अप्रेंटिस पूरा करने संबंधी अंतिम प्रमाण पत्र / दीक्षांत समारोह प्रमाण पत्र।

xi. उत्तर प्रदेश राज्य के रोजगार कार्यालय में वैध रोजगार पंजीकरण कार्ड। नियोजन कार्यालय का पंजीकरण दिनांक 30.10.2025 (आवेदन की अंतिम तिथि) को वैध और सक्रिय होना चाहिए।

इस पद के लिए आवेदन करने हेतु लिंक "https://jobapply.in/BEL2025 GZBEATTECH/" पर क्लिक करें।

विज्ञापन और आवेदन शुल्क से संबंधित प्रश्नों के लिए हमसे ईमेल recruitmentgad@bel.co.in टेलीफोन नं. 0120-2814032/3746 पर संपर्क करें।

ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने संबंधी तकनीकी सहायता के लिए कृपया ईमेल आईडी: **belgzb1@jobapply.in** पर संपर्क करें।

**प्रमुख तिथियाँ :**

| | |
|---|---|
| आवेदन का आरंभ | 09.10.2025 |
| आवेदन की अंतिम तिथि | 30.10.2025 |

"*अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र (नॉन-क्रीमीलेयर) और निर्धारित प्रारूप में निम्नलिखित में से किसी एक प्राधिकारी द्वारा जारी ईडब्ल्यूएस के लिए आय और संपत्ति प्रमाण पत्र केवल ओबीसी / ईडब्ल्यूएस से संबंधित अभ्यर्थी के दावे के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगा: -

*i.* *जिला मजिस्ट्रेट / अपर जिला मजिस्ट्रेट / कलेक्टर / उपायुक्त / अपर उपायुक्त / प्रथम श्रेणी वैतनिक मजिस्ट्रेट / उप-मंडलीय मजिस्ट्रेट / तालुका मजिस्ट्रेट / कार्यकारी मजिस्ट्रेट / अतिरिक्त सहायक आयुक्त।*

*ii.* *मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट/अपर मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट/प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट।*

iii. *तहसीलदार पद से ऊपर के राजस्व अधिकारी,और*

*iv.* *उस क्षेत्र के उप-मंडलीय अधिकारी जहां अभ्यर्थी और/या उस का परिवार सामान्य रूप से रहता है।*

उपयोग किए जाने वाले विवरण - यूआर = अनारक्षित, ओबीसी (एनसीएल) = अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमीलेयर), एससी = अनुसूचित जाति, एसटी = अनुसूचित जनजाति, ईडब्ल्यूएस = आर्थिक पिछड़े अभ्यर्थी, पीडब्ल्यूबीडी = शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति

बीईएल में भर्ती की प्रक्रिया एक मजबूत और पारदर्शी प्रक्रिया है जहां चयन मानदंड पूरी तरह से अभ्यर्थी की योग्यता पर आधारित है। बीईएल इस विज्ञापन में उल्लिखित आवेदन शुल्क के अलावा भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में कोई शुल्क या राशि जमा करने का अनुरोध नहीं करती है या शुल्क नहीं लेती है। हम नौकरी चाहने वालों से अनुरोध करते हैं कि वे हमारी कंपनी के प्रतिनिधि होने का दावा करने वाले और बीईएल में रोजगार के बदले में भुगतान की मांग करने वाले धोखेबाजों द्वारा किए गए किसी भी सम्प्रेषण से गुमराह न हों। कंपनी ऐसे धोखाधड़ी के कार्यों से होने वाले किसी नुकसान के लिए उत्तरदायी नहीं है।

***बीईएल ऐसे धोखेबाजों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई सहित कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।***